## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया बाल विवाह पर विशेष जागरूकता अभियान

**छिन्दवाड़ा।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान रथ का कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ.हेमंत छेकर, बाल संरक्षण अधिकारी श्री चंद्रशेखर नागेश, बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती अंजना पवार, श्रीमती रजनी स्वामी, श्रीमती क्षिप्रा गुप्ता, विशेष पुलिस इकाई से श्री सोनी, श्री बघेल, जिला महिला बाल विकास कार्यालय के कर्मचारी व समेकित बाल संरक्षण योजना के कर्मचारी उपस्थित उपस्थित थे।

### सांईखेड़ा में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में आज जी.एच. रायसोनी यूनिवर्सिटी साईखेड़ा सौंसर में कृषि अभियांत्रिकी तथा एसएडीओ सौंसर कार्यालय द्वारा नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक कृषि यंत्री श्री समीर कुमार पटेल द्वारा नरवाई प्रबंधन के विभिन्न आयामों को लेकर प्रजेन्टेशन दिया गया, इसके लाभों से एवं भूमि पर्यावरण संरक्षण व उत्पादन वृध्दि के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

### रोजगार मेले में 75 आवेदकों का चयन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाडा में जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि इस मेले में 124 आवेदकों का पंजीयन किया गया। इसमें से 5 कंपनियों ने भाग लिया।

## जुन्नारदेव न्यायालय का फैसला: हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

### आजीवन करावास के साथ लगाया पांच हजार रूपए का अर्थदंड, हत्या के आरोप में मिली चैन सिंग को सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

गत दिवस अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव श्री महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 41/2021 थाना तामिया के अपराध क्रमांक 200/2021 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी चैन सिंग़ पिता भाव सिंग़ उम्र 38 साल निवासी ग्राम घटिया थाना तामिया,जिला छिंदवाड़ा को कचरो बाई हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा मध्य प्रदेश शासन की ओर से पैरवी की गई तथा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 24 सितंबर 2021 को सुबह 8:00 बजे थाना तामिया में सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम घटिया में एक महिला की हत्या हो गई है। सूचना पर पुलिस द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर सनीता दर्शमा के बताएं अनुसार देहाती नालिसी लेख कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जिस पर प्रार्थी ने



बताया कि चैन सिंग ने सुबह 8:00 बजे हैंडपंप में आकर कचरो बाई की कुल्हाड़ी से वार कर सिर पर चोट पहुंचाई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी ने कचरो बाई के साथ गंभीर मारपीट कर आशय पूर्वक जानते हुए उसकी हत्या की थी। अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों के आधार पर अपराध प्रमाणित पाए जाने के आधार पर मामला संदेह से परे प्रमाणित हुआ। पुलिस द्वारा सघन विवेचना कर अपराध पंजीकृत किया गया था, तथा न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया था। गवाहों का परीक्षण न्यायालय में कराया गया एवं कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी चैन सिंग़ को धारा 302 भा.द.वि.के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी चैन सिंग़ को आजीवन कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना थाना प्रभारी पी एल उइके द्वारा की गई एवं मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

### जंगल की निगरानी के लिए मिला टेल्को वाहन कर रहा है कागजों में गश्ती

## झिरपा रेंज के सीमावर्ती नर्मदापुरम, नरसिंहपुर जिले के तस्कर कर रहे सागौन पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पश्चिम वन मंडल की झिरपा रेंज जो नर्मदापुरम एवं नरसिंहपुर जिले की सीमा से लगी हुई है। यहां के सागौन तस्कर बरसों से सागौन की तस्करी करते चले आ रहे हैं। जिनमें इस रेंज की सहावन बीट जो बनखेड़ी नर्मदा पुरम जिले की सीमा से लगी है। यहां पर अवैध सागौन की कटाई के कारण ईस बीट में सागौन की उम्दा किस्म ही समाप्त हो गई।



अब नरसिंहपुर जिले के तस्कर वन विभाग की मिली भगत से बोदल कछार, हरकपुरा, चाखला, के जंगलों मैं सागौन की अवैध कटाई जमकर रहे है। तस्कर होशंगाबाद जिले में धान एवं गेहूं मैं दबाकर सागौन पार कर रहे हैं। इस तरह उल्लेखित ये बीट इन दिनों वन विभाग के बजाय सागौन तस्करों के कब्जे में है। और वह मनमाने तरीके से सागौन की अवैध कटाई कर रहे हैं, उनको स्थानीय वन अमले का पूरा सहयोग भी मिल रहा है जो इस अवैध कटाई का मूल कारण है। इस तरह इस क्षेत्र से अब तक करोड़ों रुपए के बेस कीमती सागौन की तस्करी हो चुकी है।

इन सब के पीछे रेंजर की उदासीनता भी साफ देखने मिल रही है क्योंकि इतनी ज्यादा तादाद में वेस कीमती सागौन का काटा जाना और इनका क्षेत्र में दौरा नहीं करना उनकी मिली भगत का भी संकेत देता है क्योंकि इस रेंज में जो टेल्को वाहन जंगल की सुरक्षा के लिए गस्ती करने मिला है, वह रेंज ऑफिस में ही खड़ा रहता है और इसका दौरा कागजों में दर्शाकर इस पर हजारों पर प्रति माह का डीजल खर्च दर्शाया जा रहा है, वहीं इसका चालक रेंजर के निजी कार्यों में लगा रखा है। इस तरह यह टेल्को जो जंगल की गस्ती के लिए है, उसका भी उपयोग नहीं किया जाना सागौन तस्करों के हित में ही नजर आ रहा है, वहीं अक्सर बिजोरी के पेट्रोल पंप पर रेंजर को किराए का मिला वाहन डीजल केन में भरकर ले जाते देखा जा सकता है। इस तरह बतलाया जाता है कि रेंजर की कार जो डीजल से चलती है, उसमें टेल्को के नाम पर डीजल को खर्च करने की भी चर्चा आम होने लगी है।

यदि टेल्को वाहन के माइलोमीटर उसकी सर्विसिंग जो किलोमीटर पर आधारित होती है, उसकी भी जांच करेंगे तो इस टेल्को वाहन जो केवल जंगल की सुरक्षा के लिए गस्ती करने मिला है, वह केवल झिरपा रेंज कार्यालय की शोभा बढा रहा है। बजाए जंगल की गस्ती करने के इस तरह सीमावर्ती जिलों से लगे जंगलों में सागौन की अवैध कटाई जमकर हो रही है। देलाखारी रेंज का प्रभार भी इनको मिला तो इस क्षेत्र में तस्कर बीती दो दिनों पहले क्षेत्र से 21 नग सागौन के भूसे में भरकर ट्रैक्टर से ले जाते ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये।

इस तरह उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है, वहीं हरकपुरा के जंगल में पिछले कई दिनों से आग लगी हुई है वह भी नहीं बुझ पाई जिससे तेंदुपत्ता एवं छोटे पौधों इस लगी आग में जलने से हानि हुई जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। इस तरह झिरपा रेंज में सागौन कटाई का यदि बीट निरीक्षण कर जांच की जाए तो इस जंगल में दर्जनों झाड़ सागौन बीट निरीक्षण में कटे मिलेंगे वहीं टेल्को वाहन की यदि भरी गई दौरा लॉक बुक किलोमीटर डीजल खपत की जांच करेंगे तो इसमें भी बड़ा फर्जी बाड़ा सामने आएगा जो चंद रूपों के डीजल बचाने के चक्कर में अनमोल करोड रुपए की हुई कटाई सागौन चोरी का कारण बनेगा इसका भी खुलासा होगा।

## सुनार नाले पर श्रमदान कर स्वच्छता और गहरीकरण का कार्य किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत सिंगोड़ी के सुनार नाले पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज ग्रामवासियों के साथ जनसहयोग से एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे और सीईओ जनपद पंचायत अमरवाड़ा जयदेव शर्मा द्वारा स्वच्छता और गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इसी प्रकार विकासखंड अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत मानेगांव में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें नदी की सफाई का कार्य श्रमदान से कराया गया । इस दौरान ग्राम के पंच एवं वरिष्ठ नागरिक, सहायक सचिव उपस्थित थे। ग्राम पंचायत बिनेकी में भी जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज स्टाप डेम की गाद निकालकर सफाई की गई, जिसमें ग्राम के सरपंच श्री संतकुमार डेहरिया, पूर्व सरपंच श्री दयाराम चंद्रवंशी, श्री कमल चंद्रवंशी, सचिव एवं सहायक सचिव व ग्रामवासी की सहभागिता रही।

### 11 के.व्ही. टाउन-3 फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 24 अप्रैल 2025 गुरूवार को 11 के.व्ही. टाउन-3 फीडर, फीडर कोड-7075 के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 2025 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. टाउन-3 फीडर (ट्रांसफर्मरों की संख्या 56, लंबाई 8.62 कि.मी.) सर्किट हाउस, टी.बी.सेनेटोरियम, पावर हाउस, सीएमपीएफ, स्टेट बैंक, मोती नगर, सिंचाई नगर, मते कॉलोनी, न्यू रिजर्व पुलिस लाइन, शिवनगर, ऊंटखाना, अलका टॉकीज, बैलबाजार, को-ऑपरेटिव बैंक कॉलोनी, लालबाग, सागरपेशा, तिलक मार्केट, पाटनी पेट्रोल पंप, शांतिनाथ होटल व जयसवाल कॉलोनी आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

## आतंकवाद के विरुद्ध भाजपा और कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

### वीर सपूतों और निर्दोष नागरिकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि की अर्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

हाल ही में आतंकवादियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में किया गया बर्बर हमला पूरे देश को हिला देने वाला है। यह एक हृदयविदारक और निंदनीय कृत्य है, जिसमें कई निर्दोष नागरिकों ने अपनी जान गंवाई। आज पूरा भारत इस दुःखद घड़ी में शोकाकुल है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत माता के उन वीर सपूतों और निर्दोष नागरिकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सभी पार्टी पदाधिकारीयों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। आतंकवादी घटना के विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में दोनों ही पार्टी ने अपने अपने स्तर पर अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस पार्टी ने कांग्रेस कार्यालय और गांधी प्रतिमा के सम्मुख अपना विरोध प्रदर्शन किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी चौक पर उपरोक्त घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जन अभियान परिषद ने जल संरक्षण हेतु बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विकासखंड जुन्नारदेव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजन करने हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों , मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाओं, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा कि कि मध्य प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के आह्वान पर हमें सभी को मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयास करना है। मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री ने जन अभियान परिषद पूरे मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान को जन जन को जोड़ने एवं प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है, इसमें जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विषय पर अध्यनरत छात्र छात्राओं से आह्वान है कि सभी की भागीदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कांग्रेस ने बाबा साहब एवं संविधान का किया अपमान: सांसद

### जबलपुर में आयोजित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कांग्रेस के शासन काल में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाये गए संविधान का अपमान किया ,आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने मौलिक अधिकारों को कुचल दिया था। और संविधान को तानाशाही की ओर मोड़ दिया था। जुलाई 1975 में 38वां संविधान संशोधन लाया गया था इस संशोधन के जरिये इंदिरा गांधी ने यह सुनिश्चित किया कि जनता और न्यायपालिका को उनके तानाशाही फैसले को पलटने का कोई रास्ता न मिले। यह बात जबलपुर में आयोजित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।

सांसद श्री साहू ने कहा कि डॉ.बी.आर.अंबेडकर ने कहा था कि मैं यह पूरी तरह से नहीं नकारता कि 356 अनुच्छेद का दुरूपयोग या राजनीतिक उद्येश्य से प्रयोग किया जा सकता है, और मैं भी भावना रखता हूँ कि इन अनुच्छेदों को कभी लागू न किया जाये, और ये केवल कागजी नियम बनकर रह जाये। लेकिन इसके विपरित कांग्रेस सरकारों ने इस अनुच्छेद का लगातार दुरूपयोग किया, गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने और केन्द्र की सत्ता को एक परिवार के अधीन केन्द्रीत करने के लिए राष्ट्रपति शासन को बेधड़क इस्तेमाल किया गया।

### स्काउट गाइड के बच्चों ने पक्षियों के लिए बांटे जलपात्र

**छिन्दवाड़ा।** तपती गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिये जलपात्र वितरण की अपनी वर्षों पुरानी परम्परा को निभाते हुए इस वर्ष भी नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल के स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा जलपात्र वितरित किये गए। कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने स्वयं अपने हाथों से परिसर में लगे पेड़ पर जलपात्र बाँधा एवं बच्चों द्वारा किये जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना की।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल.मेश्राम, डी.पी.डेहरिया, बी.ई.ओ. जी.एल. नायक, डी.ओ.सी. स्काउट नरेन्द्र कुमार शर्मा, जिला सह सचिव दिनेश वर्मा ने स्टाफ सदस्यों सहित अपने कार्यालय परिसर में पेड़ों पर जलपात्र बांधे एवं सभी ने बच्चों द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बी.अनुराधा नायडू के निर्देशन एवं एसोसिएट डायरेक्टर श्री बी.अभिषेक नायडू के मार्गदर्शन एवं प्रभारी शिक्षिका सुश्री ऊषा गार्जलवार मौजूद रहे।

### सौंसर में अवैध रूप से 20 स्थानों पर बिक रही शराब, धरने में स्कूली छात्र-छात्राएं विभिन्न संगठनों के लोग रहे उपस्थित

## शराब दुकान हटाने चार घंटे चला क्षेत्र में धरना आंदोलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सौसर क्षेत्र में संचालित होने वाली शराब दुकानों में ठेकेदारों की मनमानी चल रही है, और इस मनमानी के आगे आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन भी नतमस्तक होता हुआ नजर आता है, शराब दुकानों से हो रही परेशानी को लेकर आम जनमानस एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी के द्वारा सैकड़ो बार शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बावजूद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है, मजबूरी में आप शहर वासियों को सड़क पर उतरकर शराब दुकान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार सौसर शासकीय देशी विदेशी शराब ठेकेदार के मनमानी के विरोध में गुरुवार को जिला एनएसयुआई,पालक महासंघ,अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मोहगांव रोड स्थित शराब दुकान के समक्ष धरना देकर किया, इस दौरान आंदोलन कार्यो ने स्थानीय प्रशासन के अलावा शराब ठेकेदार के खिलाफ भी जमकर मुर्दाबाद की नारेबाजी की,लगभग 4 घंटे से अधिक समय तक चले इस धरना आंदोलन के उग्र होते देख जिला सहायक आबकारी अधिकारी सी एल मरावी, थाना प्रभारी जितेन्द्र बघेल ने मौका स्थल पहुंचकर मामले को शांत कराया।बावजूद इसके आंदोलन कार्यो के द्वारा शराब दुकान के आजू-बाजू में लगी हुई गुमटियों को हटाने, आहतो को बंद करने, शराब दुकान को उक्त स्थान से हटाने, और शराब दुकान में रेड बोर्ड लगाने की मांग पर डटे रहे।

### 4 घंटे तक चलता रहा धरना विरोध प्रदर्शन

मार्ग पर संचालित हो रही शराब दुकान के कारण सबसे अधिक परेशानी यहां पर संचालित होने वाली संस्कार पब्लिक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को हो रही है, बीते दिनों उनके द्वारा मुख्यमंत्री कलेक्टर और एसडीएम के नाम शराब दुकान से हो रही परेशानी को लेकर ज्ञापन भी सोपा गया था बावजूद अब तक कार्रवाही शून्य है,जिला एनएसयुआई अध्यक्ष जिम्मी टाकभावरे, पालक महासंघ जिलाध्यक्ष पंकज ठाकरे, मधुकर गायकवाड, स्कूल संचालक आशीष ठाकरे, चित्रसेन रबडे के द्वारा यहां से शराब दुकान हटाने की मांग की गई,आंदोलनकारीयो ने बताया की शराब दुकान के बाहर कई गुमठीयॉ बनी हुई है जहा पर दारूप्रेमियों द्वारा शराब का सेवन कर उत्पात मचाया जाता है। कई बार तो इनके द्वारा यहा आपस में गंदी गंदी गालियों के साथ मारपीठ भी की जाती है। चित्रसेन रबडे ने बताया कि दुकान संचालन परिसर से लगभग सौ मीटर दूरी पर शिक्षण संस्थायें है, जहा पर प्रतिदिन सैकडों बालक और बालिकायें सायकल से आवागमन करते है। ऐसे में शराबियो की हरकत के कारण वे भयभीत हो जाते है। गुमठियों को हटाया जाना चाहिए, इसके बाद में प्रशासन के द्वारा मोहगांव रोड पर स्थित शराब दुकान परिसर में सड़क किनारे स्थित गुमठियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

### इनका कहना है

जिला सहायक आबकारी अधिकारी सी.एल. मरावी का कहना है कि मुझे जगह-जगह अवैध शराब विक्रय की कुचीयों पर कार्यवाही की शिकायत मिली है,जिस पर आबाकारी अधिकारी श्री मरावी द्वारा शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

### फिल्म कोमल के माध्यम से छात्राओं ने जाना गुड टच और बेड टच

# पॉक्सो एक्ट पर हुई कन्या शाला में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बालको पर बढ़ रहे अपराधो एवं उनके अधिकारो की जानकारी छात्र स्तर पर नहीं पहुंचने के कारण मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते है। इन विषयों की जानकारी देने के लिए शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सौंसर मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे , तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के मार्गदर्शन मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बालसुरक्षा पर कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सूर्यकीर्ती काले,ने बताया की विद्यालय मे अध्ययनरत छात्राओ के लिए किशोर न्याय अधिनियम, बालको के अधिकार, पर गतिविधियों का आयोजन कर छात्रो मे जागरूकता लाना हे । चाईल्ड कंजर्वेशन फाऊंडेशन भोपाल के सदस्य श्यामलराव ने पॉक्सो एक्ट मे दंड का विभिन्न प्रावधानों, मानव दुर्व्यापार, बालको पर होने वाले घटित अपराधों के लिए दिए जाने वाले दण्ड की धाराओं से अवगत कराया। बालिकाओ के साथ छेड़खानी शरारत. पीछा करना मजाक करना किसी के घरो मे ताक झांक करना महिलाओं की फोटो व विडियो वायरल करना . सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अंजान लोगो से दोस्ती करना वही सार्वजनिक स्थानों . यात्री बसो ट्रेनों . व कार्यस्थलों पर किसी भी तरह की शरारत किसी व्यक्ति के द्वारा किया जाता है तो निःशुल्क टोलफ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 1090 डायल 100 व 1098 पर कॉल करने की जानकारी दी। आयोजन में पी. एल. वी नजीर पठान, सूर्यकीर्ती काले, राजेंद्र डोंगरे, कीर्ती सागर बागड़े, आशीष वैद्य , श्रीमति सरोज वाल्के, संगीता ढोके, शकुंतला कमाले, शशीकला नागले,



## गाठे परिवार दमुआ में पितृ शोक

**दमुआ।** द्वारका प्रसाद गाठे जो कि वन विभाग दमुआ में नाकेदार के पद पर पदस्थ है जिनके बडे भाई श्री हरिप्रसाद गाठे जो कि हेमराज गाठे पत्रकार दमुआ के पिता श्री हरिप्रसाद गाठे उम्र 62 वर्ष दमुआ सांई मंदिर के पास रहते है जिनके पिता हरिप्रसाद गाठे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका ईलाज भी चल रहा था कि दिनांक 22 अप्रैल दिन मंगलवार शाम के समय आकस्मिक निधन हो गया जिनकी अत्येष्टि अंतिम शव यात्रा का कार्यक्रम दिनांक 23 अप्रैल दिन बुधवार को दोपहर एक बजे किया गया जहां अंतिम शवयात्रा के कार्यक्रम में भारी संख्या में गाठे परिवार के रिस्तेदार परिवार के सदस्य स्वजातीय बंधु और गणमान्य नागरिक सामाजिक बंधु, धार्मिक संगठन के सदस्य पदाधिकारी जनप्रतिनिधि न.पा. उपाध्यक्ष, पार्षद सभापतिगण पत्रकार व्यापारी बंधु सहित सगे संबंधी सहित दोस्त मित्र आदि सभी ने उपस्थित होकर मोक्षधाम दमुआ में दो मिनट का मौन धारण किया और मृत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजली अर्पित कीजबकि हरिप्रसाद गाठे जी अपने पीछे पत्नि श्रीमती वंदना गाठे, दो पुत्र हेमराज गाठे, युवराज गाठे और एक पुत्री खुशी बचले सहित नाती पोते से हराभरा परिवार छोड गये और परलोक सिधार गये।

## ग्रामीणों को दूषित जलप्रदाय का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड की ग्रामपंचायत बडचिचोली के अनेक ग्रामीणों ने आज कलेक्टर कार्यालय में पंचायत द्वारा मटमैला एवं दूषित जलप्रदाय किए जाने का आरोप लगाते हुए इसे ग्रामीणजनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाडा बताया। शिकायत के अनुसार वार्ड क्र. 13 में नाली निर्माण का कार्य जारी है और इस नाली का पानी जलप्रदाय वाली टंकी में जा रहा है। इसके अलावा मस्जिद के समीप स्थित कुए का पानी भी टंकी में जा रहा है। यह संकट पिछले लगभग 15 दिनों से जारी है जिसपर पंचायत द्वारा कतई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उक्त नाली निर्माण का कार्य भी काफी धीमी गति से हो रहा है जिससे सडक किनारे स्थित दुकानदारों के रोजगार पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। कलेक्टर कार्यालय में शिकायत प्रस्तुत करनेवालों में रामेश्वर किनकर, शेख इब्राहिम, शेख अनीस, शेख सिराज, शेख मजीत, छत्रपाल गजभिए, सागर जाधव, नथु जाधव, समशेर, रविंद्र गजभिए, दिनेश कोखरे तथा बबन चौधरी के अलावा अनेक शामिल रहे।

## सीएम राइज के 12 विद्यार्थी जेईई में क्वालिफाई

**पांढुर्ना।** इस बरस सीएम राईज विद्यालय पांढुर्ना में बीते दिनों जेईई एक्जाम की मुफ्त कोचिंग हुई जिसका पूरा लाभ यहां के छात्र छात्राओं ने उठाया। इस आशय की जानकारी शाला का उपप्राचार्या वीना मनकवडे ने दी। इन्होंने बताया कि म.प्र. शासन की पहल पर इस वर्ष शाला में जेईई और नीट प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग प्रदान की गई। सीएम राइज के गौरव सतीश नागले, अंकित शामराव कवडेती, ओम दिलीप बारंगे, प्रवीन सुरेश धोंडी, मो. अश्फाक रहीम खान, महिमा अनील कावले, कुश प्रकाश धोटे, धनश्री नरेंद्र साठोने, नयन दिलीप लेंडे, देवेंद्र उमेश मानमोडे, नीशा सुरेश क्षीरसागर तथा पवन गणेश बारई ने जेईई में क्वालिफाई कर लिया है।

# लोहारबतरी में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

विकासखंड बिछुआ अंतर्गत ग्राम लोहबतरी में स्व.श्री शंकर सिंह चंदेल एवं स्व. श्रीमति उर्मिला चंदेल की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन मंगलवार को हुआ,कथावाचक श्री कृष्णकुमार पांडे महाराज जी के मुखारबिंद से कथा का श्रवण कर क्षेत्र वासियों ने पुण्य लाभ अर्जित किए,ज्ञात हो कि दीक्षित परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा 17 अप्रैल से शुरू हुई थी,जहां प्रथम दिन ग्रामवासियों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई,इसी तारतम्य में प्रतिदिन 22 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कथा का श्रवण क्षेत्रवासियों के द्वारा किया गया,भागवत के अंतिम दिन हवन पूजन कर महाप्रसादी का आयोजन किया गया,इस दौरान श्री विजेंद्र सिंह दीक्षित एवं समस्त ग्रामवासीयो ने भागवत श्रवण करने आए सभी धर्मप्रेमी मातृशक्ति भक्तगणों का आभार माना व धन्यवाद प्रेषित किए।

## जल्द चलेगा सदस्यता अभियान

**पांढुर्ना।** पांढुर्ना जिले के विभिन्न हिस्सों में जल्द ही नरेंद्र मोदी विचार एव बौद्धिक मंच की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी जिला इकाई अध्यक्ष कैलाश सूर्यवंशी ने दी है। इन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज ब्राम्हन के निर्देश पर यह अभियान चलाया जाना निश्चित किया गया है। इसके लिए पांढुर्ना एवं छिंदवाडा जिले की सभी तहसील एवं ग्रामों में संपर्क कर सक्रिय एवं सनातनी मानसिकता वाले युवाओं को सदस्य बनाया जाएगा।

# वर्तमान समिति को ही मिले संचालन का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

चांदामेटा में स्थित मां खेड़ापति मंदिर के संचालन को लेकर पुरानी समीति से जुड़े लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है । वे चाहते हैं , कि मंदिर का संचालन पुरानी समीति को ही दिया जाए ।गौरतलब है , कि जय मां खेड़ापति मंदिर का संचालन कई वर्षों से जिस समीति के द्वारा किया जा रहा है , उसी समीति के हाथों में रहने देने के लिए श्रद्धालुओं ने गुरूवार को एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया है । जिसमें कहा गया है , कि उन्हें जानकारी मिल रहीं है , कि शासन द्वारा अस्थाई रूप से खेड़ापति मंदिर की देखरेख एवं संचालन के लिए तहसीलदार परासिया को रिसीवर के रूप में नियुक्त किया जा रहा है एवं अलग से एक समिति गठित करने की जानकारी प्राप्त हो रही है , जो अनुचित है । वर्तमान में जो समिति खेड़ापति मंदिर का संचालन कर रही है उसे ही यथावत संचालन का अधिकार रखा जाये तथा अन्य कोई समिति का गठन ना किया जाये , ना ही इस समिति में किसी ऐसे व्यक्ति का समावेश किया जाये । जिन्होनें मंदिर को विवादित करने का कार्य किया है । जिनसे मंदिर की छबि धूमिल हुई है । चूंकि यह खेड़ापति मंदिर सम्पूर्ण परासिया क्षेत्र का आस्था का केन्द्र है और लाखों लोगों की आस्था मंदिर से जुड़ी हुई है । ऐसी स्थिति में उन विवादित व्यक्तियों का समावेश यदि होता है तो निश्चित ही आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी तथा बड़े विवाद का कारण हो सकता है । जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना है । ज्ञापन वीर बहादुर सिंह , गुड्डु चौरसिया , सुरेश डेहरिया , आशीष सिकंदरपुरे , राजा दुबे , तरुण मिश्रा , धीरज ताम्रकार , अंकुर अग्रवाल , अशोक शर्मा , बिट्टू डेहरिया , गौरव सतवई , रज्जू ठाकुर , संतोष डेहरिया तनिष्क ताम्रकार , उत्कर्ष बाल्मिक के द्वारा दिया गया ।

## महिला सुरक्षा को लेकर अभियान चला रहा रेलवे

**परासिया।** ट्रेनों में महिला पैसेंजरों के साथ छेड़छाड़ , अभद्रता जैसे घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं । इसकी रोकथाम के लिए रेलवे विभाग के द्वारा महिला सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है ।यह अभियान रेलवे सीनियर डी एस सी मनोज कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं ए एस सी नागपुर के. कुरुप के निर्देशन में नागपुर मण्डल में आर पी एफ द्वारा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । जिसके तहत महिलाओं को लाउड हेलर के जरिए , पम्पलेट बांटकर ट्रेनों में जाकर एवं प्लेटफार्म पर महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है ।इसी क्रम मे आर पी एफ परासिया व जुन्नारदेव द्वारा भी उक्त अभियान चलाया गया । जिसमें थाना प्रभारी गिरीश चंद्र तिवारी ,उप निरीक्षक तुलसी वर्मा , सहायक उप निरीक्षक हेमंत गोटेफोड़े , एल सी टी अंशू वघेलकर , सीटी सिकंदर यादव ,व सभी स्टाफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।



# ग्राम पंचायत उकवा में पहलगाम हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज उकवा।

ग्राम पंचायत उकवा में पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया ,जिसमे विगत मंगलवार को पहलगाम में भयावह आतंकी हमले में शहीद दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पंचायत में उपस्थित सभी ग्रामीण जनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर निंदा प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार से कठोरतम कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव दशरथ बिसेन, सहायक सचिव प्रीति सहारे, मधु नंद, पंच सृष्टि सिक्का, महेश गडेर, राजू नागेश्वर, श्रीमती युगल किशोरी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष तरूण रावल, ओमप्रकाश चौकसे, चंदू लाल वैद्य एवं ग्रामीण जनों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जान जोखिम में डालकर बाघ का दीदार करने पहुंचे ग्रामीण

# बड़पानी में तालाब की झाड़ियों में दिखा बाघ

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

वन परिक्षेत्र कटंगी के गोरेघाट सर्किल के ग्राम बड़पानी में गुरूवार 24 अप्रैल को एक बार फिर से हिंसक वन्य प्राणी बाघ को तालाब में झाड़ियों के बीच देखा गया. बाघ ने गांव में एक बकरी का शिकार भी किया है. सुबह करीब 9 बजे के आस-पास बाघ को तालाब की झाड़ियों के बीच ग्रामीणों के द्वारा देखा गया. जिसकी वन अमले को सूचना दी गई. सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा. इस बीच बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर वन्य प्राणी बाघ का दीदार करने के लिए तालाब के पास एकत्रित होने लगे. जिससे वन विभाग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. नौबत यहां तक आ गई कि भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए वन विभाग को पुलिस बल बुलवाया पड़ा. वही वन्य प्राणी बाघ को झाड़ियों के बीच से निकालकर जंगल की तरफ खदेड़ने के लिए तालाब में झाड़ियों के बीच एक जेसीबी मशीन लाई गई. जिससे झाड़ियों की सफाई करनी शुरू की. इस बीच दोपहर करीब 03 बजे के आस-पास बाघ झाड़ियों से निकलकर भागत हुआ दिखाई दिया. जिससे पीछे ग्रामीणों ने दौड़ लगा दी. वहीं शाम 07 बजे तक वन विभाग का अमला बड़पानी में ही तैनात रहा और लगातार वन्य प्राणी बाघ की निगरनी में जुटा हुआ है. ग्रामीणों का सतर्क रहने और पालतू मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील कर रहा है।



दरअसल, जंगल के भीतर भोजन और पानी के उचित प्रबंध नहीं होने के कारण वन्य प्राणी जंगल से निकलकर गांव के नजदीक तक आ रहे है. बाघ को बीते 04 दिनों से बड़पानी और गोरेघाट के आस-पास देखा जा रहा है. जिससे ग्रामीणों में डर और उत्साह दोनों ही बना हुआ. डर इस बात को लेकर है कि वन्य प्राणी कहीं पालतू मवेशियों का शिकार ना कर ले जबकि उत्साह इस बात को लेकर है कि वह प्रत्यक्ष तौर पर बाघ को देख रहे है. खैर, इन दिनों वन्य प्राणियों को गांव के नजदीक देखे जाने और फिर शिकार की घटनाएं काफी बढ़ गई है. जानकारों का कहना है कि मिश्रित वनों की कटाई होने से जंगल के भीतर वन्य प्राणियों पर आहार संकट उत्पन्न हो गया है. शाकाहार वन्य प्राणी भोजन की तलाश करते हुए बसाहट के नजदीक यानी खेतों तक आ रहे है. वहीं इन शाकाहार वन्य प्राणियों के पीछे-पीछे मांसाहार वन्य प्राणी बाघ, तेंदुआ भी गांव में आकर पालतू मवेशियों को आसानी से अपना शिकार बना रहे है।

वन्य प्राणियों के इस तरह गांव में आने की घटनाओं के बाद वन विभाग की व्यवस्थाओं की भी पोल खोलते हुई नजर आ रही है. बालाघाट जिले में वन विभाग के पास इतने साधन नहीं है कि वह आसानी से किसी भी वन्य प्राणी का रेस्क्यू कर सकें. अकसर यह देखा जा रहा है कि वन विभाग के पास सुविधाओं और संसाधन की कमी के चलते परम्परागत तरीके से ही वन विभाग वन्य प्राणियों को जंगल की ओर भगाने का प्रयास कर रहा है।

# तन्नौर नदी में श्रमदान कर जल संरक्षण, स्वैच्छिक योगदान से जल संरक्षण



हरिभूमि न्यूज उकवा।

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अलग अलग तरह की गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत बैहर को पानी उपलब्ध कराने वाली नदी तन्नौर में जन अभियान अभियान परिषद द्वारा श्रमदान कर 240 बोरियो से बोरी बँधान किया गया एवं जल बचाने शपथ ली गई जल संरक्षण के इस श्रमदान कार्य से जंहा बैहर नगर को पानी सप्लाई स्रोत के जल स्तर में सुधार होगा वंही पशु पक्षियों को भी गर्मी भर पानी मिल सकेगा आज के इस श्रमदान कार्य मे बैहर बांस शिल्पकला केन्द्र के राजू बंजारा विकासखंड समन्वयक महेश पटले नवांकुर संस्था के कार्यकर्ता सी एम सी एल डी पी छात्र मेंटर शिवनाथ यादव सुरेश यादव संदीप गजभिये, अभय यादव, अविका यादव,मुकेश चौधरी सुमित शरणागत अर्पिता यादव, आदर्श असाटी,निखिल विश्वकर्मा, हिमेश उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले का लांजी में विरोध: बजरंग दल ने पाकिस्तान और ममता का पुतला फूंका, कड़ी कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्मनगरी लाँजी में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी एवं समस्त हिंदू धार्मिक संगठन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। संगठनों ने 24 अप्रैल को लाँजी के सुभाष चौक में पाकिस्तानी आतंकवाद एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी एवं समस्त हिंदू धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने सैलानियों से धर्म पूछकर फायरिंग की यह उनका घृणित चेहरा दिखाता है। संगठनों ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर मौन हैं। केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। पुतला दहन के पूर्व कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान आतंकवाद के पुतले एवं ममता बनर्जी के पुत्रों को जूते और चप्पलों से मारा और फिर उन्हें आग के हवाले कर दिया। कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन के दौरान इस्लामिक जिहाद और पाकिस्तान, के विरुद्ध कठोर और मुंह तोड़ जवाब देने की मांग की। उन्होंने हिंदू पर्यटकों की मौत पर शोक भी व्यक्त किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। पुतला दहन के दौरान

महेंद्र रणदीवे प्रखंड मंत्री, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेकर,ललित अग्रवाल प्रखंड अध्यक्ष, मनीषा दूगड़ दुर्गा वाहिनी,राजू रामटेककर बजरंग दल अध्यक्ष,योगेंद्र दहिकर,जीवन किरणापुरे, दिनेश श्रीवाश, सोनू नगफासे,राजेंद्र दुरुककर,विधान जोगी, शैलेश आमडारे,संतोष मोरघडे,शिव बागड़े,राजू चंदहे,आरव सोनवाने,इंद्रेश पंद्रे,जय रामटेककर,संतोष कामड़े,सोनू कामडे,ऋषभ कुचलाहे,नितिन मुरकुटे, एवं समस्त हिंदू संगठनों के कार्यकर्तागण और नगर के व्यापारी बंदू उपस्थित रहे।

### सीएनजी निर्माण कार्य, सीसी नाली, सीसी रोड और लघु तालाब में भारी

# ग्राम पंचायत कटंगी में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा विकास

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कराके जहां सरकारी बजट को चूना लगाया जा रहा है, वहीं पंचायत प्रतिनिधि हर काम में कमाई के चक्कर में कायदे कानून ताक पर रखकर कायदे कानून के पालन से बेपरवाह हैं। उन्हें न जांच की चिंता है, न अधिकारियों का डर है। ग्राम पंचायतों में सरंपच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की तिकड़ी का बेलगाम राज चल रहा है। यहां तक कि कई अनुपयोगी काम भी करा दिए गए हैं, ऐसे तमाम निर्माण कार्य कराके जिम्मेदारों ने अपना-अपना हिस्सा तो ले लिया पर ये निर्माण कार्य अनुपयोगी पड़े-पड़े बर्बादी की कगार पर हैं। मनरेगा के काम मशीनों से कराके फर्जी मस्टर भरे जा रहे हैं, शिकायतों को अनदेखा करके जिम्मेदार मौन बने हैं। इसे लेकर लोगों में नाराजगी है और कुछ मामलों में अधिकारी दिखावे के लिए कार्रवाई करके अपनी कमी छिपाने में जुटे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत कटंगी का सामने आया है जहां सरपंच सचिव द्वारा सीएनजी निर्माण कार्य, सीसी नाली, सीसी रोड और लघु तालाब के निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता की गई है।



**7 लाख लाख की लागत से बनी सड़क में गुणवत्ता गायब:** ग्राम पचांयत कटंगी में लगभग 120 मीटर लंबी सीसी सड़क में भी बड़ा घोटाला किया गया है। वार्ड क्रमांक 14 के पंच श्री उमरे ने बताया की ग्राम में सीसी नाली और सड़क का 15 वे वित्त योजना की 7 लाख की राशि से निर्माण कार्य किया गया जो पूर्ण रूप से गुणवत्ताहीन है। सचिव द्वारा किसी भी प्रकार का कोटेशन नहीं लिया जाता अपने परिचितों को निर्माण कार्यों को ठेका दिया जाता है जो कमीशन के चक्कर में गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग करके निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार करते है। जिसका खामियाजा ग्राम की भोली भाली जनता को भविष्य में भुगतना पड़ता है। सीसी रोड में साईड सोल्डर भरे जाने के नाम पर मिट्टी युक्त मुरूम का उपयोग किया गया है तथा उसे सही तरीके से पाटा भी नहीं गया है। जिसकी जांच की जानी चाहिए।

**सीएनजी निर्माण कार्य में मनमानी:** वार्ड 14 के पंच श्री उमरे के साथ मौजूद ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत कटंगी के डेहराटोला में लगभग 9 लाख की लागत से महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना से सीएनजी निर्माण कार्य किया गया है। जिसमे भी सरपंच सचिव द्वारा जमकर घोटाला किया गया है। ग्रामीणों ने बताया की बारबेड वायर लगाकर खुले स्थान को दर्शा दिया गया है। यहां देखने पर सीएनजी निर्माण के संबंध में कोई साक्ष्य नजर नहीं आते। वहीं सरपंच सचिव द्वारा इस निर्माण कार्य के नाम से भी लाखों रूपये अपने उपयोग में लेकर भ्रष्टाचार किया गया है। साथ ही सरपंच द्वारा ग्राम के अन्य पंचों को ग्राम विकास के कार्यों की कोई जानकारी नहीं दी जाती। जिससे यहां विकास कम और विनाश ज्यादा किया जा रहा है।

**गलत स्थान पर कराया गया लघु तालाब का निर्माण:** श्री उमरे ने बताया की सरपंच सचिव की जुगलबंदी ग्राम पंचायत में कुछ इस तरह चल रही है की हर कार्य में इनके द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना से ग्राम के कारूटोला में लघु तालाब का निर्माण कार्य कराया जा रहा है वहां भी सरपंच द्वारा अपनी अड़ीबाजी करते हुए हरे भरे वृक्षों को काटकर तालाब बनाया जा रहा है। जहां बारिश के पानी की निकासी नहीं हो सकेगी और पूरा पानी रोड पर आ जाएगा जिससे लगभग 700 से 800 लोगो को आवागमन में परेशानी होगी। वहीं इस संबंध में हमारे द्वारा जब जनपद में सीईओ से शिकायत की गई तो उन्होने जांच करने पटवारी को भेजा। जिनके द्वारा हमारी अनुपस्थिति में जांच करके कार्यवाही में खानापूर्ति कर ली है।

## खबर संक्षेप

### 27 से युवक कांग्रेस नामांकन अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में आईवाईसी के कोर्डिनेटर आशीष चैहान द्वारा युवा कांग्रेस के होने वाले चुनाव के संबंध में पत्रकार वार्ता की वार्ता में उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस के नेतृत्व के चुनाव सभी ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य इकाई स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इस प्रयास से पार्टी का उद्देश्य राज्य के हर कोने में युवा कांग्रेस संगठन को जड़ो तक सशक्त बनाना है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, संगठन ने युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण से निवेदन किया है कि वह युवा कांग्रेस चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित कराए। इसके लिए जोनल और राज्य स्तर पर रिटर्निंग ऑफिसर्स की एक टीम नियुक्त की गई है। युवक कांग्रेस नामांकन अभियान 27 अप्रेल से 6 मई 2025 तक चलेगा।उसके बाद सदस्यता प्रक्रिया शुरू होगी और संबंधित तिथियॉ तथा विवरण www.ycea.in पर प्रकाशित किए जाएंगे। इस चुनाव में भाग लेने के लिए 18 से 35 वर्ष आयु होना अनिवार्य है जिसका कट ऑफ डेट 27/04/1990-26/04/2007 है।

### ग्राम का बनाया नक्शा,ली जल संरक्षण की शपथ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन अंतर्गत,मप्र शासन की मंशा एवं जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आज ग्राम भिलमा एवं पुरवामाल में विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में ग्राम भिलमा में सरपंच अशोक सिंह ठाकुर जीआरएस धर्मेंद्र पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नवांकुर संस्था चेतना संदेश समिति के सदस्यों,ग्राम के जनप्रतिनिधि,ग्रामवासियों की उपस्थिति में चौपाल,एवं ग्राम का गोस्वारा बनाकर जल संरक्षण एवं संग्रहण की कार्ययोजना पर चर्चा की गई,दीवार लेखन कार्य किया गया वहीं ग्राम पुरवामाल में निस्तारी तालाब के समीप स्वच्छता एवं श्रमदान किया गया।

# रेस्टोरेंटों का अपशिष्ट फेंका जा रहा जंगलों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के वन सामान्य परिक्षेत्र रूखड़ के अंतर्गत आने वाले सुकतरा बीट कक्ष क्रमांक 458 में सु से बदलपार मार्ग पर हवाई पट्टी के सामने क्यूब स्टॉप होटल मोहगांव सड़क एवं बायसन स्ट्रीट रुखड से गंदा अपशिष्ट पदार्थ एवं गंधा कचरा काली पॉलीथिन में भर कर फेंकने का टेंडर ठेकेदार आरिफ ने लिया जिसे जंगल के किनारे ले जाकर खुले मैदान में फेंका जा रहा है।



उसी जगह पर मांस के टुकड़े बड़ी बड़ी पॉलीथिन में एवं मुर्गी के पंख खुले में फेंक जा रहे हैं। हवा में पॉलिथीन जंगल में दूर-दूर तक फैल रही है। पेड़ों पर जाकर लटकी हुई देखी जा सकती है। और मुर्गी के पंख उड़कर दूर-दूर तक बिखर रहे हैं एवं मांस के अवशेष कुत्ते एवं जंगली जानवर खा रहे हैं। एवं जहरीला कचरा से बदबू आ रही है जो दूर तक दुगंध आ रही है।

वन पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। इस संबंध में मोहगांव सड़क के डिप्टी रेंजर लोकेश मर्सकोले से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि यह जानकारी हमें पहले से ही है लेकिन हम देखते कब तक रहेंगे कि लोग कब लाकर फेंकते हैं मैं अभी बाहर हूं। देखना अब यह है कि वन विभाग ठेकेदार पर क्या कार्यवाही करते हैं।

#### इनका कहना है

जानकारी मेरे संज्ञान में आई है। मौका मुआयना कर सबाधत ठकदार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**दानसिग उइके रुखड़ परिक्षेत्र अधिकारी**

# किसान पुत्र निलेश सनोडिया ने यूपीएससी में पाई 621वी रैंक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सिवनी जिले के ग्राम हिनोतिया पोस्ट जाम निवासी किसान पुरुषोत्तम सनोडिया एवं श्रीमती आशाबाई सनोडिया के सुपुत्र नितेश कुमार सनोडिया ने 621वी रैंक हासिल कर अपने माता-पिता अपने सामाजिक बंधुओं एवं संपूर्ण सिवनी जिला वासियों को गौरान्वित किया है। निलेश राजाराम सनोडिया शिक्षक चंदोरी कला के भांजे हैं। उनकी इस शानदार सफलता पर उनके शुभ चिंतकों एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोडिया पूर्व अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोडिया समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष ज्ञानचंद सनोडिया घनश्याम सनोडिया राकेश सनोडिया एवं शिव सनोडिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य नवयुवकों को भी निलेश से प्रेरणा लेने की आशा व्यक्त की है।

# कच्चे मकान में रखा गैस सिलेंडर फटा

## सुनवारा गांव की घटना,बड़ा हादसा टला



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के धनोरा विकास खण्ड अंतर्गत आने वाले सुनवारा गांव में सुबह के समय एक हादसा हो गया। जहां रसोई में रखा सामान जल गया।। जानकारी के अनुसार सुनवारा गांव निवासी नजीर खान अपने परिवार के साथ घर के बाहर थे उसी समय उनके मकान के पीछे वाले हिस्से में रखा एक रसोई गैस का सिलेंडर अचानक फट गया।इस हादसे में मकान की छत के पर परखच्चे उड़ गए। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं मकान में रखी गेहूं,वाशिंग मशीन और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। घटना की जानकारी राजस्व विभाग और पुलिस को दी गई। जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं।जिस जगह गैस सिलेंडर फटा वहां 2 खाली गैस सिलेंडर रखे थे यदि गैस सिलेंडर भरे होते और उस समय घटनास्थल पर लोग मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना कैसे घटी और कितने का नुकसान। हुआ।

### पोतलई मोड पर दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर, पॉच गम्भीर रूप घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाली बादलपार चौकी के पोतलई मोड पर 2 मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर में 5 लोगों को गम्भीर रूप से घायल हो गए राह चालक राजेश पवार पिता जुग्गन पवार बदलपार ने पुलिस एवं 108 पर फोन किया गया पर 30 मिनट से अधिक समय हो गया अभी तक नहीं पहुंची साथ पुलिस चौकी का वाहन निकली जो रुक कर बोली कि जरूरी काम से जाना है करके निकल गई घायल तड़फते रहे। घायलों में बताया गया कि बादलपार बाईक क्रमांक MP 28 MG 3289 एवं जानावरखेड़ा बाईक क्रमांक MP 22 JD 4179 की जोरदार टक्टर से 5 लोग गम्भीर रूप घायल हो गए जिनको राहगीरों ने उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

# आज सेन जयंती पर निकलेगी विशाल वाहन रैली, होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शुक्रवार 25 अप्रैल को जिला सेन समाज एवं केश शिल्पी समाज के संयुक्त तत्वाधान में श्री संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 725वीं जयंती समारोह मनाई जावेगी। नगर सेन समाज अध्यक्ष दिलीप सेन ने बताया कि पॉलिटेक्निक ग्राउंड के पीछे स्थित प भवन में कार्यक्रम आयोजित है।

समाज के उपाध्यक्ष शुभम श्रीवास ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे पवार भवन से एक विशाल वाहन रैली निकाली जावेगी जिसमें समाज की युवतियों, महिलाएं के अलावा बड़ी संख्या में युवक और सामाजिकजन शामिल होंगे यह वाहन रैली बाहुबली चौक गणेश चौक काली चौक सहित नगर के



विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी जहां इसका समापन होगा। वाहन रैली के पूर्व श्री सेन जी महाराज की विशेष पूजन अर्चन होगी। सेन समाज के मीडिया प्रभारी संतोष श्रीवास गुड्डू एवं सुनील बंदेवार ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और शिक्षा को बढ़ावा देने एवं खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में शामिल अग्रणी बच्चों का भी सम्मान किया जाएगा। नगर के शिल्पी समाज के अध्यक्ष विवेक श्रीवास ने बताया कि दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सामाजिकजनों हेतु भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। सेन समाज के संरक्षक छिद्दिलाल श्रीवास एवं चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू श्रीवास ने बताया कि विवाह योग युवक युवतियों का निशुल्क पंजीयन भी इस अवसर पर होगा।

सभी सामाजिक जनों ने केश शिल्पी व्यवसाईयों से 25 अप्रैल सेन जयंती के अवसर पर अपने-अपने प्रतिष्ठान और दुकान बंद रखने का आग्रह करते हुए सभी लोगों से युक्त कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

# जैतपुर कला में नल जल योजना का पानी भीषण गर्मी में व्यर्थ बह रहा है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्तमान समय में भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए गांव-गांव शहर शहर तरस रहे हैं ऐसे में पानी का व्यर्थ बहना नल जल योजना के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अफसोस जनक बात है इस तरह का वाक्य जयपुर कला में देखा जा सकता है जहां पर नल जल योजना बनी है वहां पर लगातार पानी नालियों में बह रहा है जिसको रोका जाना अति आवश्यक है जिससे ग्राम वासियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके यह पानी लीकेज के कारण व्यर्थ बह रहा है जिसे तुरंत रोका जाना अति आवश्यक है। इसीलिए जयपुर कला के किसान अंगद सिंह बघेल हरिराम बघेल वीरन पटेल शंभू सिंह पटेल सहित किसान सभा के डीडी वासनिक पवन कुमार सनोदिया महेश पटेल डॉ बी सी ओके पीआर इनवाती आदि ने जिला कलेक्टर तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों सहित ग्राम सचिव से मांग की है कि वह अति शीघ्र व्यर्थ बहते हुए पानी को रोक कर ग्राम जैतपुर कला के निवासियों को पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करावे।

# लखनादौन विधानसभा के पाँच भाजपा मंडलों की कार्यकारणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की सहमति से लखनादौन विधानसभा के पांच मंडल क्रमशः लखनादौन, आदेगाँव, धूमा, कहानी एवं नागनदेवरी मंडल अध्यक्षों द्वारा मंडल कार्यकारणी घोषित कर दी है । घंसौर एवं केदारपुर मंडलों की कार्यकारणी पिछले दिनों घोषित कर दी गयी थी । घोषित कार्यकारणी में पदाधिकारियों सहित कार्यसमिति में 61 सदस्यों का समावेश है । भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने मंडलों में नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुये सभी से पद और पार्टी की गरिमा के अनुकूल जिम्मेदारी का सफल निर्वहन करने की अपेक्षा जताई है।

# अज्ञात कारणों से महिला ने खाया चूहा मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के किंदरई थाना अंतर्गत बरेली ग्राम में रात्रि के समय अज्ञात कारणों के चलते एक महिला ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया जिसके कारण उसकी हालत खराब हो गई। जिसे मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बरेली ग्राम निवासी माहवती उम्र 30 वर्ष ने चूहामार दवा खा ली। जिससे उसका स्वास्थ्य खराब हो गया। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस और108 वाहन में दी। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि महिला ने चूहामार दवा क्यों खाई।किंदरई थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत का कहना है कि सूचना मिली थी एक महिला ने चूहामार दवा खा ली है फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने की मांग: सी.एम. राइज स्कूल में सीमित सीटस से सैकड़ों विद्यार्थीयो का भविष्य खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

## गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को सी.एम. राइज स्कूल में परिवर्तित किए जाने के बाद से शाला मे प्रवेश को लेकर संकट दिनो दिन गहराता जा रहा है, शैक्षिक सत्र 2025-2026 मे मध्यप्रदेश शासन स्कुल शिक्षा विभाग ने सीएम राइज विद्यालय के लिये केजी वन से 12 वीं तक 1635 सीटस निर्धारित किया हुआ हैं इस सीमा के कारण क्षेत्र की अन्य शासकीय माध्यमिक विद्यालयों—जैसे मुनगापुर, बिनैकी, डोभ, मरकावाड़ा—से पासआउट छात्र शिक्षा के लिए दर-दर भटक रहे हैं। आसपास के निजी स्कूलों में भारी फीस के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आगे की पढ़ाई एक सपना बन चुकी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अनेक होनहार छात्र शिक्षा छोड़ने की कगार पर आ पहुंचे हैं इस गंभीर स्थिति को देखते हुए केवलारी की बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों तथा भाजपा मंडल के नेतृत्व में नगर के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोलते हुए मुख्यमंत्री



मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि केवलारी नगर में एक नया हायर सेकेंडरी स्कूल तत्काल खोला जाए, ताकि वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित हो सके।ज्ञापन पर दर्जनों संगठनों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शिक्षाविदों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें नगर परिषद उपाध्यक्ष, पत्रकार संघ के पदाधिकारी, व्यापारी संघ, शालेय प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हैं।ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा और शासन-प्रशासन की शिक्षा के प्रति उपेक्षा उजागर हो जाएगी। केवलारी नगर की यह विकराल शिक्षा समस्या न केवल बच्चों के भविष्य को निगल रही है, बल्कि शासन की प्राथमिक शिक्षा नीति पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री इस जनआक्रोश और न्यायोचित मांग पर क्या कार्रवाई करते हैं।

# 18 छात्रों का चयन अग्निवीर में तथा 22 छात्रों का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डीके फिजिकल एकेडमी, सिवनी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र गुड्डू ठाकुर एस के नेमा, मुनिया टांक , मनोज तिवारी एवं रजक एवं अकैडमी के कोच दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष अकैडमी से 18 छात्रों का चयन आर्मी अग्निवीर में तथा 22 छात्रों का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ है। यह अकैडमी की उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रणाली और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। मुख्य अतिथि नरेंद्र ठाकुर ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने की सलाह दी। चयनित छात्र विक्रम पटेल ,प्रदुम चौहान , जितेंद्र रजक , विशाल कोशले , आशीष टेकाम , समीर लोधी , दीपु जँघला , रविशंकर जंघला , प्रदीप जंघला , अभिषेक जंघला , सागर बघेल , तनय टेमेरे ,अमित बघेल ,अँकु बोपचे , अनुराग यादव , शिवम् चौधरी मध्यप्रदेश पुलिस चयनित छात्र मंजु साहू , वैष्णवी कुशवाह ,दीपाली उइके , बुलबुल यादव , पूनम सरैयम , अंजली , नंदनी दीक्षित , रश्मि जाँघला , श्रेया बघेल रजना बघेल , प्रतिमा ,मुस्कान डेहरिया , सानु , हर्षा , धीरज पटले , ओमकुमार , राकेश चोरे अजय सोनी , आकाश , धनेश्वर , हेमराज चन्द्रवंशी , सचिन जवारे ।

# लखनादौन: 'शहरी सेठों' का राज, ग्रामीण 'शून्य', आदिवासियों का 'महामंत्री' भी छीना, भाजपा में गुटबाजी से हार का 'काला अध्याय

**लखनादौन हरिभूमि न्यूज:** लखनादौन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मंडल कार्यकारिणी की घोषणा ने पार्टी के भीतर गहरी खाई को उजागर कर दिया है। 'हितैषियों' और 'धन्ना सेठों' को महत्वपूर्ण पद देकर और कर्मठ कार्यकर्ताओं को दरकिनार करके, भाजपा ने आदिवासी समुदाय की नाराजगी को चरम पर पहुंचा दिया है, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों में हार का 'काला अध्याय' लिखा जाना तय है।

23 अप्रैल 2025 को जारी पदाधिकारियों की सूची में मंडल अध्यक्ष अजेंद्र गोल्हानी ने ग्रामीण क्षेत्रों और आदिवासी समुदाय को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है। सूत्रों के अनुसार, महामंत्री का पद आदिवासियों के लिए आरक्षित होने के बावजूद, एक 'धन्ना सेठ' को इस पद पर नियुक्त किया गया है। आदिवासी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें पार्टी में कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है और उन्हें 'शून्य' में रखा गया है।

आदिवासियों की नाराजगी से भाजपा की लखनादौन विधानसभा सीट जीतने की संभावनाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में, आदिवासियों को दरकिनार करना पार्टी के लिए आत्मघाती साबित हो सकता है।

मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया संयोजक और आई.टी. सेल संयोजक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी 'हितैषियों' को नियुक्त किया गया है। कर्मठ कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें उनकी निष्ठा और मेहनत के बावजूद उपेक्षित किया गया है।

भाजपा के भीतर यह चर्चा है कि जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बेसेन ने सूची को जानबूझकर देर से जारी किया, ताकि भोपाल तक पहुंचने से पहले इसमें संशोधन न हो सके। पार्टी के कुछ नेता इंद्रधनुष सीटों पर नेतृत्व के लिए अपने पसंदीदा लोगों को नियुक्त करवाना चाहते थे, जिसके चलते यह विवाद हुआ है।

आदिवासी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें पार्टी में 'कुठाराघात' किया गया है। उनका आरोप है कि भाजपा आदिवासी समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है और उन्हें पार्टी में उचित प्रतिनिधित्व नहीं देती है।

लखनादौन में भाजपा की गुटबाजी और आदिवासियों की उपेक्षा से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। यह देखना होगा कि भाजपा नेतृत्व इस विवाद पर क्या प्रतिक्रिया देता है। क्या वे आदिवासी समुदाय की नाराजगी को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएंगे? क्या वे कर्मठ कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान देंगे? या फिर लखनादौन में भाजपा की राजनीति 'हितैषियों' और 'धन्ना सेठों' के हाथों में ही रहेगी?

अगर भाजपा आदिवासियों की नाराजगी को दूर नहीं करती है, तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। लखनादौन में भाजपा की हार-जीत आदिवासियों के समर्थन पर निर्भर करती है, और अगर आदिवासियों ने पार्टी से मुंह मोड़ लिया, तो भाजपा के लिए यह सीट जीतना मुश्किल हो जाएगा।

**क्या भाजपा अपने 'हितैषियों' से चलेगी?**

जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बेसेन को लखनादौन मंडल में एक विशेष परिवार के कब्जे और आदिवासियों के शोषण का संज्ञान लेना चाहिए। आदिवासियों को जो पद दिए भी गए हैं, वे प्रतीकात्मक हैं। उनका वास्तविक हक, महामंत्री का पद, भी उनसे छीन लिया गया है। यह आदिवासियों के साथ अन्याय और पार्टी के भीतर की गहरी गुटबाजी को दर्शाता है।

'धन्ना सेठों' और 'सफेदपोश' नेताओं की राजनीति से क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ता परिचित हैं। ये नेता केवल बड़े नेताओं के आगमन पर सफेद कपड़े पहनकर माला पहनने के लिए आगे आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को न तो स्वागत का मौका मिलता है और न ही सम्मान का। मंडल अध्यक्ष ने भी उन्हीं लोगों को पदों से नवाजा है, जो पहले से ही सत्ता के गलियारों में घूम रहे हैं। यह 'सिस्टम' भाजपा को लखनादौन में हार की ओर धकेल रहा है।

पार्टी के लिए कोई योगदान न देने वाले ये 'धन्ना सेठ' अपने धंधे-व्यापार बढ़ाने के लिए पार्टी में शामिल हैं। आधे से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को चमकाने के लिए कोई व्यापार करेगा, कोई ठेकेदारी करेगा, कोई दुकानदारी करेगा। इन्हें पार्टी से नहीं, नेताओं और सरकार से 'शह' मिलती है। दोनों महामंत्री शहरी क्षेत्र से आते हैं, ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से 'शून्य' है। यह स्थिति भाजपा के ग्रामीण जनाधार को कमजोर कर रही है।

### पहलगाम में, हिंदू पर्यटकों पर कायराना हमला निंदनीय - श्रीमती मीना बिसेन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले को घोर निंदनीय बताते हुए कहा कि इस कायराना और अमानवीय कृत्य में कई निर्दोष लोगों की जान गई है। मैं सभी दिवंगतों की पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस घटना को लेकर काफी चिंतित हैं श्रीनगर में केन्द्रीय गृहमंत्री आमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजनों से भावपूर्ण भेंट की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा सरकार द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री जी का यह दृढ़ आश्वासन कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

# एबीवीपी ने कश्मीर में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जम्मू कश्मीर में हिंदू समुदाय पर हो रहे लगातार अत्याचारों के विरोध में बुधवार को अकल भारती विद्यार्थी परिषद शिवानी इकाई द्वारा पीएम एक्सीलेंस कॉलेज पर जोरदार प्रदर्शन किया गया इस दौरान आतंकवाद आंदोलन का आक्रोश जताया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए जनरल हिंदू पर अत्याचार नहीं सहेंगे हिंदुस्तान और भारत माता की जय जैसे नारे लगाते हुए विरोध दर्ज कराया एबीपी ने इस आयोजन के माध्यम से समाज को करने और केंद्र सरकार को ठोस कार्रवाई की मांग की एबीवीपी के जिला संयोजक एवं नगर मंत्री सुजल मिश्रा ने कहा कश्मीर में हुए हिंदुओं का खून भाया जा रहा है यह केवल एक घटना नहीं बल्कि सुनो आयोजित आतंकवाद का। वह मारे गए लोगों का अपराध क्या था सिर्फ यह कि वह हिंदू थे ऐसी वारदात को अभविप घोर निंदा करता है प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर बैनर और शक्तियां लेकर सरकार से पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की इस प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कार्यकर्ता में विभाग संयोजक नितिन सनोदिया जी जिला सहयोजक हरसर वाली बाग से जो कुणाल यादव जी नगर मंत्री सुजल मिश्रा जी नगर से मंत्री ठाकुर सिंह के उपाध्यक्ष हर्ष विश्वकर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उच्च न्यायालय जबलपुर में जनहित याचिका की अवमानना पर दायर की गयी अवमानना याचिका

# सीधी कार्रवाई की मांग, झाबुआ पॉवर प्लांट द्वारा फ्लाई ऐश परिवहन से उत्पन्न प्रदूषण पर अधिकारियों की चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी जिले के लखनादौन निवासी नीलेश स्थापक ने उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश के समक्ष एक अवमानना याचिका दाखिल की है, जिसमें जिला कलेक्टर सिवनी, सुश्री संस्कृति जैन को उत्तरदायी ठहराते हुए अवमानना की कार्यवाही प्रारंभ करने की मांग की गई है।**

यह याचिका दिनांक 04 अप्रैल 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में लापरवाही बरते जाने को लेकर दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने सिवनी जिले के नागरिकों की ओर से एक जनहित याचिका (W.P. No. 10166/2025) दायर की थी, जिसमें झाबुआ पावर लिमिटेड द्वारा फ्लाई ऐश के परिवहन के कारण उत्पन्न हो रहे गंभीर पर्यावरणीय व जन स्वास्थ्य संकट की ओर न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ओवरलोडेड ट्रकों के कारण न केवल वायु प्रदूषण बढ़ा है, बल्कि सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ी है। उक्त याचिका में माननीय खंडपीठ द्वारा कलेक्टर सिवनी को निर्देशित किया गया था कि वे त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा याचिकाकर्ता को उस कार्रवाई से अवगत कराएं। परंतु, याचिकाकर्ता का आरोप है कि आज दिनांक तक उक्त आदेश का पालन नहीं किया गया है और फ्लाई ऐश के ट्रक अब भी नियमों की अवहेलना करते हुए परिवहन कर रहे हैं। इस संदर्भ में याचिकाकर्ता द्वारा 07 अप्रैल 2025 को एक अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया गया था, जिसकी प्रति याचिका के साथ संलग्न की गई है। इसके अतिरिक्त दिनांक 17 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय निवासियों द्वारा किए गए स्थल पंचनामा में भी अधिकारियों की निष्क्रियता को रेखांकित किया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रशासनिक उदासीनता न्यायालय के आदेश की स्पष्ट अवमानना है, जिसके लिए उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध व्यक्तिगत उपस्थिति व विधिक दंड निर्धारित किया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में न्यायालय के आदेशों की अवहेलना न हो।

### सर्वसमाज की बैठक में लिया फैसला, इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी

# पहलगाम हमले के विरोध में कल बालाघाट बंद



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में बालाघाट में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। गुरुवार को हनुमान मंदिर में सर्वसमाज की बैठक हुई। इस बैठक में 26 अप्रैल को जिला बंद का निर्णय लिया गया।

विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष यज्ञेश लालु चावड़ा ने बताया कि आतंकी हमले से पूरा समाज आक्रोशित है। बंद के दौरान बस, पेट्रोल पंप, अस्पताल और एम्बुलेंस सेवाएं जारी रहेंगी। शाम 5 बजे हनुमान चालीसा पाठ के साथ आक्रोश रैली निकाली जाएगी। रैली के बाद सभा में हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। साथ ही आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया जाएगा।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया ने कहा कि निरपराध लोगों की हत्या से पूरा देश आक्रोशित है। व्यापारी बंद में पूरा सहयोग करेंगे और अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को पाकिस्तान और आतंकियों को करारा जवाब देना चाहिए।

सर्वसमाज की मांग है कि सरकार ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाए। बैठक में हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और बंद के समर्थन में अपनी सहमति जताई।

### पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के बयान की आलोचना की, समाज ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

# पहलगाम बैसरन घाटी में हमले का मुस्लिम समाज ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। श्रीनगर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई।

मुस्लिम जमात के प्रतिनिधि युनुस खान ने कहा कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के बयान की आलोचना की, जिन्होंने आतंकियों को धर्म से जोड़ा था। खान ने कहा कि यह पाकिस्तान की सोच है जो हिंदू-मुस्लिम में विवाद पैदा करना चाहती है।

घायल पर्यटकों को अस्पताल पहुंचाने और हमले में मरने वालों में मुस्लिम भी शामिल थे। मुस्लिम समाज ने आतंकियों को फांसी की सजा की मांग की। समाज ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

भाजपा कार्यालय में केबिनेट मंत्री संपत्तिया उईके ने घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सुरक्षा में हुई चूक को स्वीकार किया। मंत्री ने कहा कि धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में भाईचारे का माहौल था। प्रधानमंत्री के विदेश दौरे के बाद आतंकियों ने यह हमला किया।

घटना के बाद प्रधानमंत्री ने अपना विदेश दौरा रद्द कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह तुरंत कश्मीर पहुंचे। यह पहली बार हुआ जब आतंकियों ने धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया।

### औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में 7 स्थानों में मिलेगा शीतल पेयजल

# धन्य-धन्य बेटा रमाशंकर के लाल, विकास के साथ मानव धर्म भी निभा रहा हैं गांव का बेटा







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में आधे सैकड़े से भी ज्यादा उद्योगपति अपना उद्योग संचलित कर धन उपार्जन करने का कार्य कर रहें हैं। किन्तु मानव धर्म से दूर धन कमाने में व्यस्त नजर आ रहें हैं, किन्तु गांव का बेटा वैभवसिंह बिसेन ने अपने स्व. श्री रमाशंकर चतुर्भुज बिसेन की स्मृति में भीषण गर्मी में सूखे कंठों को तर करने के लिए शानदार कदम उठाया हैं। वैभवसिंह बिसेन ने हरिभूमि ब्यूरो सलीम शाह को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी माताश्री छाया बिसेन के मार्गदर्शन में पिताश्री की स्मृति में ग्राम गर्रा में प्याऊ खोलकर मानव सेवा को प्राथमिकता दिया जा रहा हैं। गांव का बेटा वैभवसिंह ने बताया कि ग्राम गर्रा बढ़ता हुआ आबादी वाला क्षेत्र हैं तथा गर्रा चौराहे पर हजारों की संख्या में यात्रीगण आवागमन करते रहते हैं। इसी मंशा से गर्रा चौक, रानी अवंती चौक, मशीन टोला, ग्राम पंचायत के पास चौराहे के पास तथा और अन्य स्थानों पर प्याऊ सेंटर निर्मित्त किया गया हैं। ताकि कोई भी राहगीर तथा ग्राम गर्रा के निवासी भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकें वहीं वैभवसिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इस समय शादी विवाह का सीजन चल रहा हैं। मैंने निजी तौर पर निर्णय लिया हूं कि वैवाहिक कार्यक्रम में ग्राम गर्रा के परिजनों को कार्यक्रमों में निशुल्क टेंकर से पानी उपलब्ध कराया जाएगा तथा ग्राम पंचायत से लगे आसपास के ग्रामों में भी वैवाहिक कार्यक्रम तथा सामाजिक कार्यों में टेंकर से निशुल्क पानी उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित व्यक्ति ग्राम पचांयत में आकर संपर्क कर अपना नाम लिखायें उसे कार्यक्रमों में निशुल्क पानी का टेंकर उपलब्ध कराया जाएगा। वैभवसिंह बिसेन की सकारात्मक सोच तथा मानव धर्म निभाने की शानदार पहल पर ग्रामवासियों ने कहा धन्य-धन्य बेटा रमाशंकर के लाल।

### पनबिहरी मानपुर अमोली से गुजरने वाली सराठी नदी पर माफियाओं का कहर

# सुबह से लेकर रात तक कर रहे रेत की चोरी, नदी हो गई खोखली



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

अमोली मानपुर पनबिहरी से गुजरने वाली सराठी नदी से रेत का अवैध उत्खनन निरंतर जारी है, पर जिम्मेदारों की नजर यहां नहीं पहुंच पा रही है जिससे शासन को राजस्व हानि उठानी पड़ रही है, प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक रेत चोर अमोली मानपुर पनबिहरी से गुजरने वाली सराठी नदी से भारी पैमाने पर रेत की चोरी कर ट्रैक्टरों से अवैध परिवहन कर रहे हैं लेकिन लगाम लगाने कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है आपको बता दे की रेत माफियाओ द्वारा ना जाने कितने दिनों,महीनो और सालों से गैर कानूनी तरीके से रेत की चोरी की जा रही है बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन में बैठे जिम्मेदार पटवारी, तहसीलदार, पुलिस क्या कर रही है क्या. इन्हें यह नहीं पता कि अभी खदान बंद है ऐसे में मुख्यालय सहित आसपास भारी पैमाने पर ट्रैक्टरों से रेत परिवहन हो रही है फिर भी जिम्मेदार देखकर अनजान बने बैठे हैं और कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते शासन को नुकसान उठाना पड़ रहा है, लालबर्रा क्षेत्र में भारी पैमाने पर रेत, मुरूम और मिट्टी का अवैध कारोबार चल रहा है पर कोई भी जिम्मेदार शासन को फायदा पहुंचाने का प्रयास नहीं कर रहा है।

#### नदी में जिधर देखो उधर गड्ढे ही गड्ढे

खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता से अमोली मानपुर और पनबिहरी से गुजरते वाली सराठी नदी खोखली हो चुकी है आखिर हो रहे रेत के अवैध उत्खनन का जिम्मेदार कौन है. प्रतिदिन भारी पैमाने पर हो रहा रेत के अवैध उत्खनन से राजस्व को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है कौन करेगा इसकी भरपाई.. नदी में जिधर देखो उधर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं जिम्मेदारों की नजर गड्ढो तक नहीं जा पा रही है रोजाना रेत चोर सुबह से लेकर रात तक ट्रैक्टरो से अवैध परिवहन कर रहे हैं। पर इन्हें रोकने वाला कोई नहीं.. कहीं रेत चोरो को जिम्मेदारों का संरक्षण तो नहीं.. इसलिए तो कार्रवाई नहीं हो रही है।

#### ददिया आमाटोला पुलिया के पास से भारी रेत का खनन

मिली जानकारी के अनुसार सराठी नदी से ददिया आमटोला पुलिया के पास से लेकर खारी तक भारी पैमाने पर रेत की चोरी हो रही है जिससे शासन को भारी क्षति हो रही है लेकिन जिम्मेदार है कि कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं अवैध उत्खनन पर जिम्मेदारों का चुपचाप रहना शासकीय खजाने को सीधे नुकसान पहुंचा रहा है अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन नदिया वीरान हो जाएगी नदी से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन से नदिया गहरी हो रही है जल स्तर नीचे जा रहा है नदियों से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाना होगा प्रतिदिन सुबह 3:00 बजे से लेकर रात के 12:00 बजे तक रेत माफिया सक्रिय हो जाते हैं और चलता है अवैध उत्खनन का खेल.. बालाघाट कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद भी खनिज विभाग अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है जो विचार करने वाली बात है। नदियों पर माफिया का कहर जारी है वन और पर्यावरण प्रेमियों ने कलेक्टर साहब से गुहार लगाई है और मांग की है कि अवैध उत्खनन पर रोक लगे।

### जिले में नरवाई जलाने के प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

**बालाघाट**। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मृणाल मीना द्वारा जिले में नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए गए है। कलेक्टर श्री मीना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 उपधारा (10)(18) के तहत जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों में फसल कटाई उपरांत किसानों द्वारा नरवाई अर्थात फसल अवशेष जलाने के प्रतिबंधात्मक लागू किये है। इसके साथ ही उन्होंने जिले के कृषको द्वारा फसल की कटाई उपरांत खेतों में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर एफआईआर/अर्थदंड की कार्यवाही किये जाने के लिए विकासखण्ड स्तरीय दल गठन किया गया है। जिसमे नोडल अधिकारी संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, सहायक नोडल अधिकारी तहसीलदार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा ग्राम स्तरीय दल में कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी व ग्राम सचिव शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### गौवंश परिवहन करने वाले 2 ट्रक राजसात किये गए

**बालाघाट**। कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी श्री मृणाल मीना ने मंगलवार को गौवंश परिवहन के मामलें में उपयोग में लाये वाहनों को राजसात करने के आदेश किये है। मामला लांजी थाना क्षेत्र का है, जिसमें 23 सितंबर 24 को मामला मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम-2004 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 में पंजीबद्ध किया गया था। गौवंश करने में उपयोग में लाये गए दो ट्रक एमएच- 40-सीडी-1619 व एमएच-34 बीजी 1487 को राजसात किया गया है। इन वाहनों से 36 गौवंश परिवहन करना पाया गया था।

### खनिज विभाग ने रेत के उपयोग के लिए जारी किया एसओपी

**बालाघाट**। खनिज विभाग द्वारा रेत के उपयोग के सम्बंध में शासन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जनहित में जारी की है। जारी एसओपी के अनुसार पंचायत व नगरीय निकाय शासकीय योजनाओं व सामूहिक कार्य जैसे- स्वच्छ भारत अभियान, पीएम आवास योजना आदि के लिए निकट में स्वीकृत रेत खदान से रॉयल्टी का भुगतान करने के बाद रेत प्राप्त की जा सकती हैं। रॉयल्टी की पूरी राशि चालान के द्वारा जमा की जाएगी। पंचायत व नगरीय निकाय द्वारा जमा की गई रॉयल्टी की सम्पूर्ण राशि की वापसी आवश्यक जांच एवं प्रमाणीकरण के आधार पर की जाएगी। वहीं यदि कार्य किए ठेकेदार के माध्यम से कराया गया हो तो जमा की गई रॉयल्टी की राशि वापस नही की जाएगी। इसके साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति के मजदूर, सदस्य, कारीगर एवं ग्रामीण कृषको के लिए व्यक्तिगत निवास निर्माण, मरम्मत, कुओं के निर्माण एवं कृषि कार्य के लिए ग्राम सभा द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर अनुमोदित सीमांकित क्षेत्र से एक वर्ष में अधिकतम 10 घनमीटर रेत प्राप्त की जा सकती है।

# नागपुर में मॉयल यूनियन की हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

गत दिवस महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में मॉयल से जुड़े तमाम यूनियन की बैठक संपन्न हुई. मार्येल जनशक्ति मजदूर संघ अध्यक्ष रामकृपाल खुरसेल और महामंत्री कल्पना रणदिवे ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को उन्होंने मॉयल श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीएलसी और इस्पात मंत्री को पत्र लिखा था. जिसके बाद बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में सभी यूनियनों ने अपने-अपने पक्ष रखे. अध्यक्ष और महामंत्री ने उद्योग के पक्ष में जो वास्तविकता है उसे कमेटी के समक्ष रखा और प्रबंधन को मिनिमम वेजेस और सेफ्टी न देने का आरोप लगाया. उन्होंने निरीक्षण कमेटी अध्यक्ष को बताया कि मॉयल में मॉयल द्वारा सभी को मिनिमम वेजेस एवं सेफ्टी का सामान बोनस सभी ठेके द्वारा द्वारा मिनिमम वेजेस द्वारा भुगतान किया जाता है. एमजेएमएस द्वारा ठेका श्रमिकों को ठेका श्रमिक अनुमति के पक्ष में अपना विचार रखें यदि ठेका श्रमिक की सेटल एक्सीडेंट में मृत्यु हो जाती है तो ठेकेदार द्वारा निर्धारित राशि जो बनती है उसे ठेकेदार द्वारा भुगतान करता है।

अध्यक्ष और महामंत्री ने प्रबंधन से अनुरोध किया गया कि मॉयल अपनी तरफ से कितनी राशि, मृत्यु ठेका श्रमिक के आश्रित परिवार को कितनी राशि का भुगतान किया जाएगा. प्रबंधन ने इस प्रश्न पर अभी चुप्पी साधी है. एमकेएस द्वारा ठेका श्रमिक लगभग 7000 है निरीक्षण कमेटी से 7000 ठेका श्रमिकों को मोबाइल में कार्य देने के लिए एवं ठेका बंद करने के लिए निरीक्षण कमेटी के सामने गुहार लगाई एवं 7000 ठेका श्रमिक के परिवारों का मुंह में रोटी ना जाए के लिए अनुरोध किया जो न्याय संगत नहीं है. नैतिकता के आधार पर नहीं है संगठन नौकरी किसी को नहीं दिला सकती तो नौकरी छीनने का अधिकार भी नहीं रखती. एमकेएस पत्र के द्वारा महामंत्री सभी ठेका श्रमिकों को अनुरोध किया है ऐसे दोगले नेताओं के साथ ठेका श्रमिक को कोसों दूर रहना चाहिए जो सिर्फ ठेका श्रमिकों से चंदा लेना जानते हैं।

### सोनेवानी, चिखलाबर्डी व नवेगांव विस्थापन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित हुई

**बालाघाट**। दक्षिण वनमंडल अन्तर्गत लालबर्रा तहसील के वनग्राम सोनेवानी, चिखलाबर्डी व नवेगांव के विस्थापन की कार्यवाही के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला पंचायत सीईओ समिति के सदस्य नियुक्त किये गए है। इनके अलावा दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमंडल अधिकारी सचिव होंगे। वहीं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री,सामाजिक कल्याण अधिकारी,संयोजक, आदिम जाति कल्याण, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक कृषि, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला अभियंता मप्रविमं और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री समिति के सदस्य नियुक्त हुए है। यह समिति विस्थापित किये जाने वाले ग्रामो के लिए सुझाव व अनुशंसा तथा आवश्यक कार्य निर्धारण कर सकेगी।

# रेत से भरे ओवरलोड डंपरों से कंजई से उगली मार्ग हो रहा क्षतिग्रस्त, मार्ग पर दिखने लगी लंबी दरारें





हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट जिले का अंतिम ग्राम कंजई से उगली मार्ग पर प्रतिदिन रेत से भरे ओवरलोड डंपर फर्राटे से दौड़ रहे हैं जो मार्ग को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह रेत से भरे ओवरलोड डंपर केवलारी क्षेत्र कि हिर्री नदी ग्राम नसीपुर एवं बाग डोंगरी की नदी से लोड करके फर्राटे से दौड़ रहे हैं देखने में आ रहा है कि रेत से भरे डंपरों से पानी निकल रहा है जिससे बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि नदियों से मशीन के द्वारा डंपर भरे जा रहे हैं केवलारी क्षेत्र में नदियों से हो रहे अवैध उत्खनन के संबंध में समाजसेवी उगली निवासी मोहम्मद साबिर अंसारी ने चिंता व्यक्त की है और मीडिया से रूबरू होते हुए प्रशासन से मांग की थी कि अघोषित क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खनन बंद हो.. ओवरलोड डंपरों से मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है शासन को नुकसान उठाना पड़ रहा है समय रहते अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन को नहीं रोका गया तो.सड़के बदहाल हो जाएगी. वन और पर्यावरण को भारी नुकसान होगा. खनिज संपदा बर्बाद हो जाएगी देखने में आ रहा है सुबह से लेकर रात तक रेत से भरे ओवरलोड डंपर कि मार्ग को जर्जर कर रहे हैं सीसी सड़क में दरारें देखने को मिल रही है से आम राहगीरों का आवागमन भी बाधित हो सकता है ओवरलोड डंपरों पर प्रतिबंध लगाया जाए ऐसी मांग जागरूक जनो प्रशासन से की है।

# हार्डवेयर गोदाम में आग, दो घंटे में पांच टैंकर से पाया काबू



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के बघोली स्थित कंसरे हार्डवेयर के गोदाम में गुरुवार दोपहर 3 बजे के आसपास आग लग गई, जिसे दो घंटे में पांच टैंकर पानी की मदद से काबू कर लिया गया।**

दुकानदार रवींद्र कंसरे ने आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई है। आग से गोदाम में रखे पीवीसी पाइप, पानी की टंकी, पेंट के डब्बे, नल फिटिंग के समान, गार्डन पाइप सहित अन्य हार्डवेयर का सामान पूरी तरह से जल गए। फिलहाल, प्रशासनिक अमला नुकसान का पंचनामा सहित अन्य कार्रवाई करने में जुटा है।

घटनास्थल पहुंची नपाध्यक्ष ने बताया कि जानकारी मिलते ही हम यहां पहुंचे, जिसके बाद फायर वाहनों की मदद से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने दुकान में फायर सेफ्टी पर कहा कि इसे लेकर दुकानदारों को जागरूकता दिखानी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाएं ना हों। दुकानदार ने आग से 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान बताया है।

### 15 मई तक योजना में शेष रहें 13149 नल कनेक्शन पूर्ण करना विभाग का लक्ष्य

# प्रदेश में 63 ठेकेदारों को टर्मिनेट किया है, बालाघाट में भी ऐसी कार्यवाही करने में देरी न करें : पीएचई मंत्री श्रीमती उइके



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रदेश में नल जल योजना में लापरवाही करने वाले 63 ठेकेदारों को टर्मिनेट किया जा चुका है। अगर बालाघाट में भी नल जल योजना के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तो सूची दे, उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने बालाघाट में हुए नलजल योजना के कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि जल जल योजनान्तर्गत अब जितने भी शेष नल कनेक्शन रहें है। सभी का कार्य 15 मई तक हर हाल में पूरा किया जाए। यदि कहीं समस्या है तो पूर्व से अवगत कराएं। विभाग के सभी एसडीओ ने मंत्री श्रीमती उइके को आश्वस्त किया है कि 13149 कनेक्शन पूरे कर दिए जाएंगे। इस मामलें में मंत्री श्रीमती उइके ने कलेक्टर श्री मीना से कहा कि पीएचई विभाग के अलावा सर्व शिक्षा अभियान के उपयंत्रियों को भी इस कार्य में लगाया जा सकता है। समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए विभाग को जिन क्षेत्रों में उपयंत्रियों की आवश्यकता है, अपनी मांग बता दे। बालाघाट प्रवास के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके ने बालाघाट में भटेरा और देवसर्रा जल समूह योजना में जल उपलब्धता के सम्बंध में भी जानकारी ली। पीएचई कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके द्वारा बताया गया कि लांजी के बोदलझोला में मशीन भारी व बड़ी होने से पहुँच नहीं पा रहीं है। इस मामलें में मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश दिए है कि मशीन नहीं जा पा रही है तो पानी लिफ्ट कर गांव तक पहुचाएं ।

**19 गांवो की जल समूह योजना की कंप्लीट जानकारी केबिनेट मीटिंग से पहले प्रस्तुत करने के निर्देशः** मंत्री श्रीमती उइके ने बैठक में बालाघाट नगर से लगी 19 गांवो की भटेरा जल समूह योजना के सम्बंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी श्री हेमंत जिंदवानी ने बताया कि 7 वर्ष पुरानी योजना है। जिसका संधारण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में पंचायतों द्वारा नाली निर्माण का कार्य किया गया है। इस कारण कई स्थानों पर पाईप की टूटफूट हुई है। इस कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हुआ है। मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश दिए है कि 1 लाख नागरिकों के पेयजल के लिए योजना बनी है। इसकी पूरी जानकारी केबिनेट मीटिंग प्रारम्भ होने से पहले प्रस्तुत करें। जिले में नल जल योजनाओ की स्थितिःविभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले ने 1051 स्वीकृत योजनाएं है। इसमें 444 रेट्रोफिटिंग व 608 नवीन स्वीकृत योजनाएं है। इनमें से 532 योजनाएं पूर्ण हुई है। वर्तमान में 354377 कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन है। अब तक विभाग द्वारा 385 योजनाओँ के माध्यम से जल उपलब्ध कराना प्रमाणित किया जा चुका है। वही जिले में 354481 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किये गए है। शेष 13766 घरेलू नल कनेक्शन करने का लक्ष्य 15 मई दिया गया है। बैठक के दौरान लांजी विधायक श्री राजकुमार कारहे, वारासिवनी विधायक श्री विक्की पटेल, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजा लिल्हारे व अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी एसडीओ व उपयंत्री तथा जल निगम के अधिकारी मौजूद रहें।